## खबर संक्षेप

### शराब दुकान नहीं हटने से वार्डवासियों में आक्रोश

**धमतरी।** शहर के बठेना वार्ड में संचालित देसी शराब दुकान को लेकर वार्डवासियों में भारी आक्रोश है। नहर किनारे स्थित इस दुकान के कारण सुबह से रात तक शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। स्थानीय महिलाओं ने आरोप लगाया कि नशे में धुत लोग गाली-गलौज व छींटाकशी करते हैं, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। वार्डवासियों ने कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दुकान हटाने की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### परशुराम चौक का हुआ सौंदर्यीकरण

**धमतरी।** शहर के भगवान परशुराम उद्यान चौक में सौंदर्यीकरण कार्य की शुरुआत हो गई है। चौक को आकर्षक और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से रंग-रोगन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस पहल से क्षेत्र का सौंदर्य बढ़ने के साथ आम नागरिकों को बेहतर वातावरण मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने इस कार्य का स्वागत करते हुए कहा कि इससे शहर की छवि भी सुधरेगी। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि रंग-रोगन के साथ अन्य जरूरी सुधार कार्य भी किए जाएं। यह पहल स्वच्छता अभियान को भी मजबूती देगी और शहर को साफ-सुथरा बनाएगी।

### गोलबाजार मार्ग पर मवेशियों का कब्जा

**धमतरी।** शहर के व्यस्त गोलबाजार मार्ग में इन दिनों मवेशी बेखौफ घूम रहे हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। सड़क पर दिनभर वाहनों और ग्राहकों की भीड़ के बीच मवेशियों के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कुछ पशुपालक जगह के अभाव में मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। कई बार मवेशी सड़क के बीच लड़ते-झगड़ते भी देखे जाते हैं, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी होती है। शादी सीजन में बढ़ती भीड़ के बीच समस्या और गंभीर हो गई है। लोगों ने प्रशासन से मवेशी पकड़ने अभियान चलाने की मांग की है।

### नवागांव में अंबेडकर जयंती 14 को

**अंवरी।** ग्राम नवागांव( थूहा) में 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती ग्रामीण समिति के तत्वाधान में मनाई जाएगी। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा लोगों के मौलिक अधिकार और कर्तव्य पर व्याख्यान दिया जाएगा। पंथी नृत्य का कार्यक्रम रखा गया है। बुजुर्गों का सम्मान किया जायेगा। आयोजन समिति के छन्नूलाल महिलागे, दिनेश लहरे, घटोत्कच लहरे ने ग्रामीणजनों से उपस्थित की अपील की है।

### पीएमश्री विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**नगरी।** विकासखंड नगरी स्थित पीएमश्री शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार 31 मई 2026 तक अभ्यर्थियों की आयु 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच होना अनिवार्य है। इच्छुक अभिभावक 5 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद उसकी प्रिंट प्रति आवश्यक दस्तावेजों के साथ विद्यालय में जमा करना जरूरी होगा, जिससे सत्यापन प्रक्रिया पूरी की जा सके। बीपीएल श्रेणी के लिए राशन कार्ड की प्रति अनिवार्य है। आवश्यक दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र, जाति, निवास, आधार कार्ड, फोटो एवं मोबाइल नंबर शामिल हैं। चयन प्रक्रिया 9 मई को लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी तरीके से विद्यालय परिसर में की जाएगी।

# अब साठ का दोसा 70 रुपए में, नाश्ता हुआ 30 रुपए प्लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गैस की किल्लत से होटलों में सर्विस चार्ज बढ़ गया है। जो दोसा 50-60 रुपए में मिल रहा था, वह अब 70 रुपए में मिल रहा है। यही नहीं समोसा, बड़ा, कचौरी सहित अन्य चीजों की कीमत भी बढ़ी है। कुछ जगहों पर इनकी साइज कम कर दी गई है।

अमेरिका, इरान के बीच युद्ध विराम तो हो गया है, लेकिन अब तक एलपीजी की सप्लाई दुरस्त नहीं हो पाई है। व्यावसायिक सिलेंडरों की सप्लाई अभी भी बंद है। ईंधन नहीं मिलने का असर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा से लेकर चाट, गुपचुप, ममोस सेंटरों सहित अन्य संस्थाओं में देखने को मिल रहा है। कई होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा आदि में सर्विस चार्ज बढ़ा दिया गया है। इसके लिए वहां पर बकायदा सूचना भी चिपकाई गई है। जानकारी के अनुसार पहले जो दोसा 50-60 रुपए में मिल रहा था, वह अब 70 रुपए में मिल रहा है। समोसा, बड़ा, कचौरी 30 रूपए प्लेट सहित अन्य चीजों की कीमत भी बढ़ा दी गई है या इनकी साइज छोटी कर दी गई है। इस किल्लत का असर सीधा उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। कई उपभोक्ता ऐसे हैं, जो परिवार दूर यहां रहकर काम कर रहे हैं। होटलों के भरोसे उनका खाना पीना चल रहा है। गैस की किल्लत से उनका खर्च काफी बढ़ गया है।

## गैस की किल्लत के चलते होटल, रेस्टोरेंट में बढ़ा सर्विस चार्ज

### घरेलू गैस कमर्शियल सिलेंडरों में

कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद है। इसका सीधा फायदा कालाबाजारी करने वाले उठा रहे हैं। वे घरेलू सिलेंडर की गैस कमर्शियल सिलेंडरों में भर रहे हैं और मनमाने दाम में बेच रहे हैं। जानकारी के अनुसार एजेंसियों में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 23-24 सौ के आसपास है, लेकिन ब्लैक मार्केट में इसे 4 हजार रुपए से अधिक में बेचा जा रहा है। ऐसे में होटल जैसी संस्थाओं में ईंधन की लागत करीब दो गुना बढ़ गई है।




### कई जगह लाल सिलेंडर

व्यावसायिक सिलेंडरों की सप्लाई नहीं होने से कई होटल, ढाबा सहित ठेला, रेहड़ी, खोमचा आदि स्थानों में घरेलू लाल गैस सिलेंडर का उपयोग शुरू कर दिया गया है। कुछ जगहों पर चोरी छिपे तो कुछ जगहों पर खुलेआम इन सिलेंडरों का उपयोग हो रहा है। खाद्य विभाग द्वारा कुछ संस्थाओं में कार्रवाई भी की गई है। इसके बाद भी कई स्थानों पर घरेलू सिलेंडर का ही उपयोग किया जा रहा है।

## लाखों रुपए फूंके, योजनाएं अनेक बनी लेकिन मिसाल एक भी नहीं, भटगांव में प्रोजेक्ट शुरु होने से पहले हो गए बंद

# महिला सशक्तिकरण के तमाम प्रयास हुए फेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

समीपस्थ ग्राम भटगांव में महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिए लाखों रुपए फूंके भी गए, लेकिन एक भी समूह महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश नहीं कर पाई। सारी योजनाएं धरी की धरी रह गईं। लाखों रुपये की मशीनें कबाड़ में तब्दील हो रही हैं। कार्यस्थल में बनाए गए भवन, शेड भी खंडहर होने लगे हैं।

कहावत है कि अंत भला तो सब भला, लेकिन ग्राम भटगांव में महिला सशक्तिकरण के तमाम प्रयासों में किसी की भी भलाई नजर नहीं आ रही है। करीब 20 साल पहले तत्कालीन कलेक्टर संगीता पी. ने महिला समूह को प्रशिक्षित कर सेनेटरी नेपकीन बनाने तथा इसके माध्यम से महिलाओं को रोजगार और आय का साधन दिलाने बड़े प्रयास किए। सेनेटरी नेपकीन बनाने के लिए भवन तैयार किया गया। मशीनें मंगाई गईं । लाखों रुपए की लागत और प्रशासन की देखरेख में महिलाओं ने सेनेटरी नेपकीन बनाना शुरु किया। कच्ची सामग्री दक्षिण राज्य से मंगवाई गई। नेपकीन को बाजार में खपाने प्रचार-प्रसार हुआ। कम्पिटिशन के मार्केट में स्थानीय नेपकीन टिक नहीं पाई। प्रयास किया गया कि नेपकीन को स्कूल, आंगनबाड़ी, शासकीय कर्मचारियों में खपाया जाए। सफलता नहीं मिली , योजना फेल हो गई। वर्तमान में सेनेटरी नेपकीन बनाने के भवन ने राशन दुकान का रूप ले लिया है।

भटगांव सरपंच फागूराम साहू ने बताया कि सारी योजनाएं उनके कार्यकाल से पहले की है। योजना क्यों फ्लाप हुई , इसकी जानकारी नहीं है। महिला सशक्तिकरण के लिए महिला समूहों को जागरुक करने का प्रयास करेंगे।

### पानी की कमी से योजना अटकी





लगभग दस साल पहले ग्राम भटगांव की करीब 20 एकड़ बंजर जमीन पर लेमनग्रास का उत्पादन और इसका तेल विक्रय के लिए प्रशासन ने बड़ा प्रोजेक्ट लाया। इसके लिए बंजर जमीन को तार से घेरा किया गया। तीन सोलर पंप से पानी की व्यवस्था की गई। लेमनग्रास से तेल निकालने प्रोसेसिंग यूनिट बनाई गई। शुरुआत में इस कार्य में जुटी महिला समूह में काफी उत्साह था। बंजर जमीन हरीभरी हो गई। लेमनग्रास का तेल महंगे दाम में बिकने लगा। लेमनग्रास के पौधे की डिमांड इतनी बढ़ गई कि इसे बेचकर समूह की महिलाएं पैसा कमाने लगीं। प्रशासन ने इस प्रोजेक्ट को महिला सशक्तिकरण की मिसाल बताते हुए खूब प्रचार प्रसार किया। वर्तमान में यह योजना फ्लाप हो चुकी है। समूह काम छोड़ चुकी है। बंजर जमीन पर लेमनग्रास के ठूंठ नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि पानी की कमी से यह योजना फेल हो गई।

### गोबर से पेंट बनाने की मशीन हो रही कबाड़



कांग्रेस सरकार ने अपने अंतिम वर्ष के कार्यकाल में भटगांव में महात्मा गांधी रूलर औद्योगिक पार्क के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिए लाखों रुपए की योजना लांच की। बड़ा शेड भवन तैयार किया गया। गोबर से पेंट बनाने की मशीनें लगाई गईं। नमकीन बनाने की यूनिट लगाई गई। छत्तीसगढ़ी पकवान के लिए दीदी की रसोई तैयार की गई। गोबर से पेंट बनाने की मशीन वर्तमान में जस की तस पड़ी हुई है। नमकीन फैक्ट्री का ठेका दे दिया गया है। दीदी की रसोई में छत्तीसगढ़ी पकवान के बदले चिप्स, ठंडा, बाजार में उपलब्ध सामग्री बिक रही है।

### नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना भी हुई फ्लाप

कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में नरवा, गरवा, घुरवा बाड़ी योजना का व्यापक प्रोजेक्ट लाया। भटगांव में आदर्श गोठान बनाया गया। गोठान को तार घेरा से सुरक्षित किया गया। यहां वर्मी कम्पोस्ट बनाने के लिए अनेक टैंक बनाए गए। जैविक खाद एवं दवाई बनाने भवन तैयार किया गया। बकरी पालन, मुर्गीपालन के लिए शेड बनाया गया। सभी कार्यों के लिए अलग-अलग महिला समूह को प्रशिक्षण देकर मुर्गी, बकरा बकरी दिए गए। वर्तमान में मुर्गी, बकरी बकरा का शेड वीरान पड़ा है। वर्मी कम्पोस्ट की टंकियां सूखी पड़ी हैं। जैविक दवाई एवं खाद बनाने के भवन में ताले लटक रहे हैं। पानी के लिए कुआं खोदा गया है जो सूखा पड़ा हुआ है। बताते हैं कि योजना के तहत मिले बकरी-बकरा, मुर्गी-मुर्गा के रहते समूह ने संचालन किया। इसका विस्तार नहीं हो पाया और योजना पर पलीता लग गया। कहा जाता है कि जैविक खाद, दवाई बनाने का काम शुरु होने से पहले ही बंद हो गया।

## 'सियान गुड़ी' का शुभारंभ आज



**धमतरी।** शहर के वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सुविधा और सुकून भरा माहौल देने के उद्देश्य से शासन द्वारा गोकुलपुर वार्ड के कृदत्त कॉलोनी में सियान गुड़ी की स्थापना की गई है। इसका उद्घाटन 13 अप्रैल सोमवार को दोपहर 12:30 बजे कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक ओंकार साहू, निगम महापौर राम रोहरा करेंगे। उल्लेखनीय है कि सियान गुड़ी को वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जहां उन्हें घर जैसा वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। यहां मनोरंजन के विभिन्न साधन, योग-आसन की सुविधा, पुस्तक पढ़ने के लिए शांत वातावरण, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा नियमित स्वास्थ्य जांच, परामर्श सेवा, मोबाइल एवं कंप्यूटर की जानकारी जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों को अकेलेपन से मुक्ति दिलाना और उन्हें सामाजिक रूप से सक्रिय बनाए रखना है। सियान गुड़ी के माध्यम से वरिष्ठ नागरिक न केवल समय का सदुपयोग कर सकेंगे, बल्कि एक-दूसरे के साथ जुड़कर अपने अनुभव भी साझा कर पाएंगे।

# कृषि में नवाचार से समृद्ध होगा धमतरी

- 40 कृषि अधिकारियों का दल अंतर्राज्यीय शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना
- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा व महापौर रामू रोहरा ने बस को दिखाई हरी झंडी
- इजरायली-जापानी तकनीकों और एआई से बदलेगी खेती की तस्वीर : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले में कृषि के आधुनिकीकरण एवं किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के 40 अधिकारियों का दल छह दिवसीय अंतर्राज्यीय शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण भ्रमण हेतु महाराष्ट्र राज्य के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा व महापौर रामू रोहरा ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस पहल को जिले के कृषि क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित खेती, उन्नत कृषि प्रबंधन एवं अंतरराष्ट्रीय तकनीकों के अध्ययन से अधिकारियों की क्षमता में गुणात्मक वृद्धि होगी, जिसका सीधा लाभ जिले के किसानों को मिलेगा। महापौर श्री रोहरा ने कहा कि नवीन तकनीकों का स्थानीय स्तर पर क्रियान्वयन किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। इस अवसर पर उप संचालक कृषि मोनेश साहू, सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे ।

यह दल महाराष्ट्र के बीड़ एवं बारामती क्षेत्रों का भ्रमण करेगा, जहां कृषि के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों, उन्नत तकनीकों तथा इजरायली एवं जापानी पद्धतियों पर आधारित आधुनिक खेती के मॉडल का अध्ययन किया जाएगा। विशेष रूप से बारामती में संचालित एआई आधारित स्मार्ट फार्मिंग, जल प्रबंधन, फसल निगरानी एवं उत्पादकता वृद्धि के आधुनिक उपायों का प्रशिक्षण प्राप्त किया जाएगा।

⏩ शेष पेज 11 पर

# चाकू लहराकर लोगों को डरानेवाला गिरफ्तार

- चौकी करेलीबड़ी पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाले युवक को करेलीबड़ी पुलिस ने चंद मिनटों में गिरफ्तार कर लिया।

चौकी करेली बड़ी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम करेलीबड़ी के मजराटोला स्थित बिजली ऑफिस के पास मुख्य मार्ग किनारे एक युवक धारदार चाकू लहराकर राहगीरों को डरा-धमका रहा है। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं घेराबंदी कर रेड की कार्रवाई की। मौके पर एक युवक हाथ में काले रंग का धारदार चाकू लहराते हुए पाया गया, जो आने-जाने वाले लोगों को भयभीत कर रहा था। पकड़े गए युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संजय साहू पिता नरेन्द्र साहू उम्र 20 वर्ष निवासी करेलीबड़ी बताया। आरोपी के पास से 12 इंच स्टील का धारदार चाकू बरामद किया गया। उक्त हथियार के संबंध में आरोपी ने कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

प्रतिबंधित पॉलीथिन का अब भी खुलेआम हो रहा इस्तेमाल

# कागजों में सख्ती, जमीन पर फेल हो रहा बैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



फाइल फोटो

शहर को 'जीरो वेस्ट सिटी' बनाने के दावों के बीच सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध महज कागजों तक सिमटता नजर आ रहा है। नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर की जा रही छापेमारी के बावजूद बाजारों में प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग धड़ल्ले से जारी है। कार्रवाई के बाद कुछ दिनों तक स्थिति नियंत्रित दिखती है, लेकिन जैसे ही कार्रवाई ढीली पड़ती है, पुराने ढर्रे पर लौट आते हैं।

बीते महीनों में निगम के उड़नदस्ता दलों ने शहर के थोक और प्रमुख बाजारों में सघन अभियान चलाया था। इस दौरान कई व्यापारियों पर जुर्माना भी लगाया गया, लेकिन इसका स्थायी असर देखने को नहीं मिला। खासकर सब्जी बाजारों में 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाली प्रतिबंधित पॉलीथिन अब भी खुलेआम इस्तेमाल हो रही है।

विक्रेता औचक निरीक्षण से बचने के लिए पॉलीथिन को टोकनियों और बोरियों के नीचे छिपाकर रखते हैं और ग्राहक की मांग पर चुपके से थमा देते हैं। हैरानी की बात यह है कि जागरूकता के बावजूद कई ग्राहक भी कपड़े या जूट के थैले साथ लाने से बचते हैं और प्लास्टिक बैग की मांग करते हैं। यह लुका-छिपी का खेल प्रशासन की सख्ती पर सवाल खड़े कर रहा है।

इस वर्ष की शुरुआत में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण (सुडा) ने सभी निकायों को सख्त निर्देश जारी किए थे। परिपत्र में स्पष्ट रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने, नियमित कार्रवाई की रिपोर्ट भेजने तथा स्वच्छता दीदियों के माध्यम से घर-घर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई थी। साथ ही सार्वजनिक स्थलों और बाजारों में अभियान चलाकर आर्थिक दंड का प्रावधान लागू करने के निर्देश भी दिए गए थे। इसके बावजूद जमीनी हकीकत चिंताजनक बनी हुई है।

एक ओर प्रशासन जीरो वेस्ट डे मनाने की तैयारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बाजारों में प्लास्टिक का उपयोग थमने का नाम नहीं ले रहा। यदि सख्ती और जनभागीदारी दोनों साथ नहीं आए, तो स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त शहर का सपना अधूरा ही रह जाएगा।



# गांव-गांव में सदस्यता अभियान चलाने का लिया गया संकल्प

## आम आदमी पार्टी की कुरूद विधानसभा स्तरीय बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

आम आदमी पार्टी की कुरुद विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में सभी ब्लॉक अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव तक पहुंचकर अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने और व्यापक सदस्यता अभियान चलाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में महासमुंद जोन प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर, जोन सह प्रभारी रूद्र सेन सिन्हा, तेजेंद्र तोड़ेकर, प्रदेश संगठन मंत्री एवं जिलाध्यक्ष धमतरी विनोद सचदेवा, यूथ विंग जिलाध्यक्ष ललित नगारची, जिला उपाध्यक्ष थानेस निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष मनोज नगारची, जिला महासचिव पुरोहित बंजारे सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्षों में रवि तिवारी (कुरुद), चेतन सिन्हा (भखारा), भीम साहू (करेली बड़ी), भूपेश देव साहू (नारी), भुसन साहू (सिर्री) और हरिशंकर नगारची (अंवरी) सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

जोन प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा कि पार्टी इस बार छत्तीसगढ़ के हर जिले में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी और इसके लिए सदस्यता अभियान तेज किया जा रहा है। सहप्रभारी रूद्र सेन सिन्हा ने छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा के माध्यम से लोगों को दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य नीतियों से अवगत कराने पर जोर दिया।

यूथ विंग अध्यक्ष ललित नगारची ने कॉलेज स्तर पर संगठन विस्तार की बात कही, वहीं जिलाध्यक्ष विनोद सचदेवा ने पार्टी की मजबूती और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का भरोसा दिलाया।

## खबर संक्षेप

### आदि गुरु शंकराचार्य का प्राकट्य उत्सव समारोह 26 को

**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज रायपुर द्वारा प्रांतीय स्तर पर आदि गुरु शंकराचार्य का प्राकट्य उत्सव समारोह 26 अप्रैल को शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित किया जाएगा। मोहनगिरी गोस्वामी प्रांत अध्यक्ष, वीरेंद्रपुरी गोस्वामी पूर्व प्रांत अध्यक्ष, सुधीर बन गोस्वामी प्रदेश कोषाध्यक्ष, योगेंद्र पुरी गोस्वामी, संजय गिरी, कुबेर प्रकाश गिरी, प्रभाकर बन गोस्वामी, वेदपुरी गोस्वाम, आनंद गिरि गोस्वामी, दिनेश पुरी गोस्वामी, दीपक बन, नीलम बन, विजयपुरी ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## निधन

### श्रीमती छन्नी बाई देवांगन



**धमतरी।** विंध्यविहार कॉलोनी धमतरी निवासी श्रीमती छन्नी बाई देवांगन 76 वर्ष का निधन हो गया। वे भोलाराम देवांगन की पत्नी तथा तेजस्वी और राकेश देवांगन की मां थी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित हुए।

### श्रीमती रमशीला बाई साहू



**पुरी।** ग्राम छाती निवासी श्रीमती रमशीला बाई साहू का निधन 10 अप्रैल को हो गया। वह रमेश साहू की पत्नी एवं भुवनेश्वर साहू की माता थीं। वह अपने पीछे अपना भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

## गट्टासिल्ली में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज का 70वां वार्षिक महाधिवेशन

# जनजातीय समुदाय के विकास के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध : विष्णुदेव







- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से जुड़े, समाज को दिया एकता का संदेश
- विकास ने संस्कृति संरक्षण, वनौषधि ज्ञान और परंपरा को सहेजने पर दिया जोर

### समाज के विकास के लिए शिक्षा जरूरी

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा, संगठन और जागरूकता बेहद जरूरी है। शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिल सके और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो।

### समाज के लिए सभी मिलकर कार्य करें

पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने अपने उद्बोधन में समाज की एकता को सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्ग मिलकर कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से विकास की नई दिशा तय होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम गट्टासिल्ली में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज तहसील नगरी का 70वां वार्षिक महासभा एवं महाधिवेशन उत्साह, परंपरा और सामाजिक एकजुटता के साथ हुआ।

कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे महाधिवेशन समाज को संगठित करने, संवाद बढ़ाने और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का सशक्त माध्यम है। राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि आदिवासी समाज अपनी परंपराओं, रीति-रिवाजों और वनौषधि ज्ञान के कारण समृद्ध है। आधुनिकता के दौर में भी अपनी संस्कृति को सहेजना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने समाज के समग्र विकास पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी ध्रुव, जिलाध्यक्ष आदिवासी गोंड समाज सुरेंद्र ध्रुव, नरसिंग मरकाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के प्रमुखजन उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### आशीष बने जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष



**धमतरी।** जिला युवा कांग्रेस कमेटी में आशीष साहू को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन में उनकी नियुक्ति को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। आशीष साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू के पुत्र हैं और लंबे समय से कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े हुए हैं। वे विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं, जिससे उन्हें संगठन के कार्यों का अच्छा अनुभव प्राप्त है। उनकी नियुक्ति से युवा कांग्रेस को नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि आशीष साहू अपने नवीन दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे।

### सार्थक दिव्यांग विद्यालय में हुआ न्योता भोज



**धमतरी।** सार्थक दिव्यांग विद्यालय में एक प्रेरणादायक आयोजन के तहत न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयं दिव्यांग सीताराम अग्रवाल ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के लिए फल वितरण की व्यवस्था कराई। उन्होंने लखनऊ से बसंत कुमार विश्नोई से संपर्क कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। संस्था की संचालिका एवं समाजसेविका सरिता दोशी के नेतृत्व में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और हम किसी से कम नहीं का संदेश साकार किया। बसंत कुमार विश्नोई और संतोषी विश्नोई ने दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति की ओर से बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

### जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत हुए ग्रामीण



**नगरी।** गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम घटुला में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यकर्ताओं को पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया और योजना के लाभार्थियों के घर घर जाकर उनको केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजना महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजनाओं से परिचित कराया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा सार्वजनिक स्थल पर साफ सफाई की गई। इस अवसर पर अजजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहन पुजारी, मंडल महामंत्री मोनू साहू, खुशीराम नाग, शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष बीरेंद्र मिश्रा, गोवर्धन यादव, महेंद्र यादव, राजू यादव, नरसिंह साहू, अमरु यादव, जागेश्वर सिन्हा, नारायण साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राहुलदेव का सब इंजीनियर पद पर चयन



**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम उसरवारा निवासी राहुलदेव का चयन सब इंजीनियर के पद पर हुआ है। व्यापम से जारी परिणाम में पूरे प्रदेश में उन्हें सातवा रैंक प्राप्त हुआ है। साथ ही सहायक मानचित्रकार परीक्षा में पूरे प्रदेश में पहला रैंक आया है। शुरू से मेधावी रहे राहुल पिता गणेश साहू मूल रूप से कृषक परिवार से हैं। सरपंच दीनदयाल उईके ने बताया कि राहुल बचपन से ही मेधावी छात्र हैं। व्याख्याता गोपेश गजपाल, बाबूलाल साहू ने बताया कि उनके चयन से गांव का गौरव बढ़ा है। मनीष कुमार, नारद ठाकुर, देवेन्द्र साहू, नितेश कलिहारी, वरूण साहू, नूतन साहू, गणेश साहू ने हर्ष जताया है।

### मेघा में भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**मगरलोड।** भाजपा का गांव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत ग्राम मेघा सेन्हाभाठा में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान शीतला मंदिर प्रांगण, जैतखाम प्रांगण एवं यशवंतराव मेघावाले के प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई कर स्वच्छता एवं जनजागरण का संदेश दिया गया। मौके पर कल्याणसिंह राजपूत मंडल अध्यक्ष, संतोष कुमार सोनी कोषाध्यक्ष, रामा बंजारे, संतोष कुमार साहू, राजेश, श्रीमती दिनेश्वरी साहू अध्यक्ष महिला मोर्चा योगेश्वरी, टिकेश्वरी साहू, हेमबाई साहू, देवनाथ साहू, बेदराम साहू, कृष्णकुमार साहू, थनवार साहू, तुलेश निषाद उपस्थित थे।

# 39 लाख के विकास कार्यों से बदलेगी खपरी की तस्वीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पंचायत खपरी में शुक्रवार को 39 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

मुख्य अतिथि महापौर जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास शासन की प्राथमिकता है। शिक्षा, सड़क और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से गांवों की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत धमतरी के कृषि सभापति अग्रवाल साहू ने की। उन्होंने कहा कि ये कार्य किसानों और ग्रामीणों के लिए सीधे लाभकारी होंगे और पंचायतों को मजबूत बनाएंगे।

खपरी सरपंच रामरोशन ध्रुव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित मांगें अब पूरी हो रही हैं और सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ समय पर पूर्ण किए जाएंगे। गांधी चौक के पास कांक्रीटीकरण एवं टिन शेड निर्माण (10-10 लाख रुपये), द्वारिका साहू के घर से सुरेन्द्र साहू के खेत तक सीसी रोड (12 लाख रुपये) तथा शिशु मंदिर भवन (7 लाख रुपये) का निर्माण किया जाएगा।

# कोटगांव में भाजपा का स्थापना दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन के निर्देश पर सिर्री मंडल अंतर्गत ग्राम कोटगांव में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। प्रमुख वक्ता हरिशंकर साहू अध्यक्ष सरपंच संघ थे। डां. भीमराव अंबेडकर, डां. हेडगेवार , दीनदयाल उपाध्याय एवं भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रमुख वक्ता हरिशंकर साहू ने भाजपा की रीति नीति, एकात्मवादी दृष्टिकोण विषय पर अपनी बात रखी। कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी हित में काम करने की अपील की। संतोष साहू ने भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा तथा राममंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 तथा मोदी साय सरकार द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यों को जनजन तक पहुंचाने का आव्हान किया। हेमलाल साहू ने भाजपा की स्थापना एवं हिंदुस्तान में शून्य से शिखर तक पार्टी के प्रचार-प्रसार पर अपनी बात रखी। सरपंच श्रीमती उषा ध्रुव ने पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक ईमानदारी से पहुंचाने की बात कही। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का श्रीफल, गुलाल अक्षत से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में हरीश साहू उपसरपंच, पंचगण श्रीमती शैलेष साहू, सावित्री ध्रुव, शैल यादव, श्रीमती टुनेश्वरी साहू, श्रीमती बिंदु मारकंडे, भोज साहू, पवन साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# ग्रामीणों को भाजपा की रीति-नीति से अवगत कराया





हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)

पुरूर मंडल के प्रत्येक गांव में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। वहीं गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत प्रभारीगण गांव-गांव जाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दे रहे हैं।

ग्राम उसरवारा में कार्यक्रम प्रभारी यदीप गोल्डी साहू, उपाध्यक्ष होमशंकर साहू कोषाध्यक्ष प्रहलाद साहू संयोजक तुलाराम साहू ने शासन की योजनाओं के लाभार्थी से संपर्क कर उनका हाल चाल जाना और फीडबैक लिया वहीं प्रदेश सकरकार की विभिन्न योजना के हितग्राहियों से भी मुलाकात कर उनसे संवाद किया। कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर केन्द्र की मोदी सरकार एवं राज्य की विष्णुदेव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।

इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष भुवन साहू, सचिव धनेश्वर चौधरी, दुर्वाशा साहू, बाबूलाल साहू, गंगाराम सार्वा, माधव, प्रभुराम, मणिराम कुर्रे, राम्हू निर्मलकर, राजेन्द्र साहू, भूषण लाल, दौवा राम साहू, संतोष साहू समेत लाभार्थी मौजूद थे। बालोदगहन में रेणुका गजेन्द्र, मीना साहू, शैलेन्द्र शोरी, गिरधारी यादव, कमल किशोर साहू तथा फागुनदाह में हेमंत गुरूपंच, प्रहलाद साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों को भाजपा की रीति- नीति से अवगत कराया।

# जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने बोरिदखुर्द में किया जनसंपर्क



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गांव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत गगरेल मंडल के ग्राम बोरिदखुर्द में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कार्यकर्ताओं के साथ गांव में घर-घर पहुंचकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

जनपद अध्यक्ष ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार द्वारा गरीब, किसान, महिला एवं युवा वर्ग के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। भाजपा का यह अभियान जनता से सीधा जुड़ने और उनकी समस्याओं को समझने का सशक्त माध्यम है। इस दौरान विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन, आयुष्मान भारत, भूमिहीन किसान के हितग्राही तथा वरिष्ठ नागरिकों को श्रीफल एवं गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया।

मौके पर पार्वती साहू जनपद सदस्य, गोरखराम सोसाइटी अध्यक्ष, मुकेश साहू, वेदव्यास साहू, कमलनारायण साहू, समदा साहू, भारती साहू, लीला बाई सिन्हा, टोकनराम सिन्हा, सीताराम साहू, सुदर्शन चक्रधारी, चेतन मलागर समेत कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कुण्डेल में साहू समाज करेलीबाड़ी परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन

# सामाजिक कुरीतियों पर रोक, नियमों में बदलाव और एकता पर दिया जोर





हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

क्षेत्र के ग्राम कुण्डेल में साहू समाज करेलीबाड़ी परिक्षेत्र का एक दिवसीय वार्षिक सम्मेलन धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणि माता कर्मा की भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के साथ हुई, जिसके बाद पूजा-अर्चना कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला साहू संघ अध्यक्ष गणेश राम साहू ने अपने संबोधन में समाज में अन्तर्जातीय एवं अन्तर्धर्मी विवाहों पर रोक लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि युवक-युवतियों को समाज की परंपराओं, रीति-नीति एवं सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ने के लिए समर कैंप जैसे प्रयास जरूरी हैं।

अध्यक्षता कर रहे तहसील साहू समाज मगरलोड के अध्यक्ष रोहित साहू ने सगाई, विवाह और छठी जैसे सामाजिक कार्यक्रमों के नियमों में बदलाव की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय के अनुरूप अनावश्यक आडंबरों पर नियंत्रण और सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करना आवश्यक है।

विशिष्ट अतिथि लक्ष्मीकांत साहू ने सामाजिक आयोजनों में शराब के पूर्ण प्रतिबंध की बात कही। वहीं परिक्षेत्र अध्यक्ष टोमन साहू ने समाज की एकता, संगठन और विकास के लिए सभी स्तरों पर सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन पर जोर दिया गया तथा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। सचिव द्वारा वार्षिक आय-व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल

**धमतरी।** सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है, वहीं तीन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार ग्राम बोड़रा में शादी समारोह में शामिल होने चार लोग गए थे। सभी रविवार को एक बाइक में सवार होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान गागरा पुल से पहले जैनबाड़ी के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई। बाइक सवार सभी बुरी तरह घायल हो गए। एक घायल की मौत हो गई। तीन का इलाज जारी है।

### पाइपलाइन लीकेज सुधारने में जुटा निगम

**धमतरी।** शहर में पेयजल व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर निगम लगातार सक्रिय है । शनिवार को जालमपुर खेल मैदान में पुराने पाइपलाइन लीकेज को दुरुस्त किया गया, जिससे प्रभावित क्षेत्र में शाम तक पानी आपूर्ति सामान्य हो गई। गर्मी के मौसम को देखते हुए निगम द्वारा मरम्मत कार्यों में तेजी लाई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि 24 से 48 घंटे के भीतर लीकेज की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और टंकियों को जल्द शुरू करने की तैयारी भी जारी है, ताकि शहरवासियों को स्वच्छ और नियमित पेयजल मिल सके।

### अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में चलेगी ग्रीष्म लहर

**धमतरी।** अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। आगामी चार दिनों में तापमान के तीन से चार डिग्री और बढ़ने की संभावना है। मौसम साफ होते ही तापमान का ग्राफ आसमान छूने लगा है। रविवार को शहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल से प्रदेश के एक दो पाकेट में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है। अगले चार दिन में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। 14 अप्रैल से अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक हो सकता है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर संभाग के जिलों में पारा 42 डिग्री से अधिक होने की संभावना है।

# गंगरेल में 14-15 अप्रैल को आदिवासी समाज के 55 जोड़ों का सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

आदिशक्ति मां अंगारमोती मंदिर परिसर गंगरेल में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 55 जोड़ों का सामूहिक विवाह होगा। कार्यक्रम की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। दो दिवसीय आयोजन 14 एवं 15 अप्रैल को आदिवासी समाज की पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होगा।




14 अप्रैल को कार्यक्रम की शुरुआत समाज के मुखियाओं द्वारा रूढ़िजन्य परंपरा के तहत तेल-माटी, मड़वा मंडप एवं देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के साथ की जाएगी। मुख्य अतिथि गोंडवाना गोंड महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अकबरराम कोर्राम होंगे। अध्यक्षता माधव सिंह ठाकुर करेंगे।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे मुख्य अतिथि



15 अप्रैल को सामूहिक विवाह एवं आशीर्वाद समारोह होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम होंगे।

विशिष्ट अतिथि मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक अजय चंद्राकर कुरुद, ओंकार साहू धमतरी, अंबिका मरकाम सिहावा, महापौर रामू रोहरा, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जिपं सभापति मोनिका देवांगन, जनपद पंचायत अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, जीवराखन मरई अध्यक्ष मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ईश्वरी नेताम, जिलाध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज माधव सिंह ठाकुर, तहसील अध्यक्ष जयपाल ठाकुर धमतरी, ललित ठाकुर कुरुद, नारायण ध्रुव नगरी, ठाकुरराम नेताम मगरलोड, सुरेंद्र ध्रुव नगरी एवं गंगरेल सरपंच शीला साविता होंगे। यह जानकारी जीवराखन मरई संरक्षक सर्व आदिवासी समाज एवं अध्यक्ष आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल ने दी है।

### लंबे समय से महंगाई की मार झेल रहे लोगों को मिली राहत

# सब्जियों के दाम गिरे, बाजार में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शहर के बाजार में इन दिनों हरी सब्जियों के दाम सामान्य होने से उपभोक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से महंगाई की मार झेल रहे लोगों को राहत मिली है। मनपसंद हरी सब्जियों के साथ-साथ पत्तेदार भाजी और मौसमी सब्जियों के दाम कम होने से बाजारों में फिर से रौनक लौट आई है। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्राहक सब्जी खरीदने पहुंच रहे हैं।



रविवार को शहर के प्रमुख इतवारी बाजार में सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। लोग अपनी जरूरत और क्षमता के अनुसार सब्जियां खरीदते नजर आए। सब्जी विक्रेता नंदकुमार पटेल ने बताया कि इस समय लगभग सभी हरी सब्जियों के दाम सामान्य स्तर पर हैं, जिससे बिक्री में भी तेजी आई है।

बाजार में भटा 20 रुपये किलो, गाजर 30 रुपये, कुंदरू 30 रुपये, करेला 40 रुपये, बरबटी और भिंडी 30-30 रुपये, ग्वारफली 50 रुपये, कद्दू 30 रुपये, टमाटर 10 रुपये और पत्ता गोभी 20 रुपये किलो बिक रही है। वहीं मुनगा और हरी मिर्च 80 रुपये, शिमला मिर्च 50 रुपये, परवल 50 रुपये, कटहल 60 रुपये तथा मेथी भाजी 80 रुपये किलो में उपलब्ध है।

किराना सामान में भी कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। आलू 15 रुपये, प्याज 20 रुपये, शक्कर 45 रुपये, गुड़ 55 रुपये, अरहर दाल 120 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये, मसूर दाल 90 रुपये और चना दाल 90 रुपये किलो बिक रही है। दाम कम होने से जहां ग्राहकों को राहत मिली है, वहीं सब्जी विक्रेताओं की बिक्री भी बढ़ी है, जिससे बाजार में एक बार फिर चहल-पहल लौट आई है।

# सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही भाजपा का संकल्प : चोपड़ा

- पूर्व विधायक ने डाही में कार्यकर्ताओं के साथ किया जनसंपर्क, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत ग्राम डाही में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बूथ क्रमांक 13 एवं 14 में घर-घर जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अमन राव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, प्रभारी चिरौंजी लाल साहू एवं सहप्रभारी साकेत साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना एवं उज्ज्वला गैस योजना के साथ-साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से मुलाकात कर उन्हें मिल रहे लाभों की जानकारी ली गई। ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनसंघ के वरिष्ठ नेता का हालचाल जाना तथा उनका आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री चोपड़ा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही भाजपा का संकल्प है। गांव-गांव जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करना और उनकी समस्याओं को समझना हमारा दायित्व है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सभी योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाएं। मंडल अध्यक्ष अमन राव ने कहा कि गांव, बस्ती चलो अभियान भाजपा का जनसेवा का अभियान है, जिसके माध्यम से हम सीधे जनता से जुड़ रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे भाजपा के साथ जुड़कर विकास की इस यात्रा में सहभागी बनें। मौके पर परमेश्वर साहू, प्रभूराम, फतेश्वरी साहू जनपद सदस्य, सुमन देवांगन सरपंच, कमलनारायण ध्रुव, रामकुमार पटेल, लेखराम सिन्हा, डालेश्वर देवांगन, गजानंद कारले, महेंद्र पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# धमतरी में फोरलेन का रास्ता साफ



- पेड़ कटाई शुरू, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शहर के बहुप्रतीक्षित फोरलेन प्रोजेक्ट ने आखिरकार रफ्तार पकड़ ली है। रत्नाबांधा चौक (छत्रपति शिवाजी चौक) से मुजगहन तक सड़क चौड़ीकरण के पहले चरण में पेड़ कटाई का काम शनिवार से शुरू हो गया है। इस कार्य का निरीक्षण महापौर रामू रोहरा ने किया। लंबे समय से इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी, जिसे अब हकीकत में बदलते देख लोगों में उत्साह है।

जानकारी के अनुसार 4.4 किलोमीटर लंबी इस सड़क के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अगले सप्ताह टेंडर खोले जाएंगे। परियोजना पर लगभग 41 करोड़ रुपए खर्च होंगे। पेड़ कटाई के दायरे में करीब 587 पेड़ आए हैं, जिन्हें आवश्यकतानुसार हटाया जा रहा है। इसके बदले नए पौधे भी लगाए जाएंगे।

पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पेड़ कटाई के बाद जल्द ही पोल शिफ्टिंग का कार्य भी शुरू किया जाएगा। इसके अलावा सिहावा चौक से कोलियारी तक फोरलेन निर्माण का काम भी जल्द शुरू होगा। इस परियोजना के पूर्ण होने से शहर के व्यस्त मार्गों पर यातायात सुगम होगा और लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

## अंचल की खबरें

### पुरी स्कूल में लगे छत्तीसगढ़ी पकवानों के स्टाल




**धमतरी।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला पुरी में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की महिला सदस्यों द्वारा छत्तीसगढ़ी पकवानों का स्टाल लगाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक माहौल बनाना, पालकों को स्कूल से जोड़ना, कक्षा पांचवीं के छात्र-छात्राओं की विदाई था। मुख्य अतिथि कुंती सरपंच थीं। अध्यक्षता भीमराज साहू ग्रामीण अध्यक्ष पुरी ने की। विशिष्ट अतिथि हेमंत साहू ,चंद्रहास निर्मलकर, श्री गंगेले, संतोषी साहू, प्रधानपाठक श्री देवांगन, चंद्रिका सिन्हा, चेतना थे।

### भाजपाइयों ने दी विकसित भारत की लक्षित योजनाओं की जानकारी



**सिर्री।** ग्राम दर्रा के बूथ क्रमांक 35 और 36 में गांव चलो घर चलो अभियान अंतर्गत केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण), विकसित भारत 2047 की लक्षित योजनाओं की जानकारी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दी गई। इस अभियान में मुख्य वक्ता देवेन्द्र साहू पूर्व सभापति जनपद पंचायत कुरूद, जनपद सदस्य प्रतिनिधि त्रिलोचन साहू, सरपंच विजय रात्रे, उपसरपंच लुकेश सार्वा, बूथ अध्यक्ष उदयकुमार साहू, गिरवर साहू, विधायक प्रतिनिधि अमित साहू, पंचगण लोकपाल साहू, राकेश साहू, कुसुम साहू, डिगेश्वरी साहू, सक्रिय कार्यकर्ता जनक साहू, नागेश्वरी साहू, टामिन साहू, सरस्वती साहू, गायत्री साहू, झामिन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### गोकुलपुर वार्ड में भाजपाइयों ने पार्टी का झंडा लगाया



**धमतरी।** भाजपा संगठन के गांव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत गोकुलपुर वार्ड में घूमकर पार्टी का झंडा लगाया गया। वरिष्ठ कार्यकर्ता हंसूलाल यादव, देवलाल साहू कार सेवक, महेश साहू, श्रीमती फूलबाई, कुमारी बाई, कुंजबाई, राजकुमार नेताम, अश्विनी साहू, पुनूराम नेताम, भगवान सिंह नेताम का गमछा पहनाकर एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, स्टार्ट अप इंडिया, मुद्रा योजना, सूर्यघर योजना, महतारी वंदन योजना समेत अन्य योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत की गई। मौके पर नरेन्द्र रोहरा प्रभारी सदस्य भवन अनुज्ञा नगर निगम, विजय सिंह ठाकुर प्रभारी गांव चलो बस्ती चलो अभियान, सहप्रभारी वीरेन्द्र साहू, पार्षद गजेन्द्र कंवर, ईश्वर सोनकर, श्रीराम यादव, लेखराम नेताम, जीवन साहू, धरम साहू, महेश साहू, विजय गौतम, रामशीला साहू, लता साहू समेत वार्डवासी उपस्थित थे।

### बेटी के जन्म पर पिता ने शुरू की हफ्तेभर फ्री कार वॉश सेवा



**धमतरी।** समाज में बेटियों के प्रति सोच तेजी से बदल रही है और अब लोग उनके जन्म को उत्सव की तरह मना रहे हैं। इसी कड़ी में बठेना वार्ड निवासी ननकू महाराज ने अपनी बेटी के जन्म पर अनोखी पहल कर मिसाल पेश की है। हनुमान जन्मोत्सव के दिन 2 अप्रैल को बेटी के जन्म को सौभाग्य मानते हुए उन्होंने एक सप्ताह तक अपनी महालक्ष्मी गैरेज एवं कार वॉशिंग में ग्राहकों के वाहनों की निःशुल्क धुलाई की घोषणा की है। ननकू महाराज ने इस खुशी को खास बनाने के लिए पोस्टर तैयार करवाया, जिसमें नन्ही बेटी के पगचिन्ह भी शामिल किए गए। दुकान में पूजा-अर्चना कर मिठाई बांटी गई और बेटी के आगमन को माता लक्ष्मी का आशीर्वाद बताया गया। उन्होंने कहा कि उनके परिवार में बहन नहीं है, ऐसे में बेटी का जन्म उनके लिए बेहद खास है। इस पहल की शहरभर में सराहना हो रही है। गैरेज पहुंचे ग्राहकों ने इसे समाज के लिए सकारात्मक संदेश बताया। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस तरह की पहल बेटियों के प्रति सम्मान और समानता की भावना को मजबूत करेगी।

### भीषण गर्मी में राहगीरों को मिल रही राहत

**धमतरी।** राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने महावीर इंटरनेशनल शाखा धमतरी द्वारा मठा वितरण एवं शीतल पेयजल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। हाउसिंग बोर्ड चौक के समीप शुरू हुए इस सेवा कार्य से राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिल रही है। कार्यक्रम का संचालन संस्था की वीर एवं वीरा इकाई के संयुक्त प्रयास से किया गया। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती नीलू ज्ञानचंद लुनावत एवं सचिव श्रीमती मधु अनिल बैद के नेतृत्व में इस सेवा प्रकल्प को सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। सदस्यों ने राहगीरों को मठा पिलाकर और शीतल जल उपलब्ध कराकर गर्मी से राहत पहुंचाई। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह सेवा पूरे ग्रीष्मकाल में लगातार जारी रहेगी।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कृषि में नवाचार से समृद्ध होगा धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कृषि विभाग के अधिकारियों के अंतर्राज्यीय शैक्षणिक भ्रमण को जिले के कृषि क्षेत्र के लिए दूरदर्शी पहल बताते हुए कहा कि आज का समय पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर तकनीक आधारित, वैज्ञानिक एवं बाजारोन्मुख कृषि को अपनाने का है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि जिले में भी एआई आधारित खेती की दिशा में नवाचार प्रारंभ हो चुके हैं, जिनके माध्यम से फसलों की निगरानी, मौसम पूर्वानुमान, रोग पहचान एवं सिंचाई प्रबंधन को अधिक सटीक बनाया जा रहा है। इससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि लागत में कमी और गुणवत्ता में सुधार भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे महाराष्ट्र के बीड़ एवं बारामती जैसे क्षेत्रों में हो रहे सफल प्रयोगों का गहन अध्ययन कर उन्हें स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप धमतरी में लागू करें।

# डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर होंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



भारतीय बौद्ध महासभा जिला धमतरी द्वारा इस वर्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक वैद्य ने बताया कि प्रथम दिन 13 अप्रैल को दानीटोला वार्ड स्थित आंबेडकर भवन में भारतीय बौद्ध महिला समूह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी।

द्वितीय दिन 14 अप्रैल को प्रातः 9 बजे आंबेडकर चौक में माल्यार्पण के पश्चात नगर भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। यह रैली आंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर रत्नाबांधा चौक, मकई चौक, सदर बाजार होते हुए दानीटोला वार्ड स्थित आंबेडकर भवन में संपन्न होगी।

आंबेडकर भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में महासमुंद की सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। अध्यक्षता महापौर रामू रोहरा करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती डीपेंद्र साहू तथा भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पालनहार मेश्राम होंगे।

अति विशिष्ट अतिथि ज्ञानी रामटेके महासंरक्षक, पवन गजपाल धमतरी शहर मंडल अध्यक्ष, जेएल मरई सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष, भावसिंह डहरे सतनामी समाज अध्यक्ष, अज्जू देशलहरे दानीटोला वार्ड पार्षद, माधवसिंह ठाकुर ध्रुव गोंड समाज अध्यक्ष, श्रीमती सुमन मेश्राम डाकबंगला पार्षद, सत्येंद्र देवांगन जोधापुर पार्षद एवं संतोष मडामे आमदी मंडल अध्यक्ष होंगे।

# भाजपाइयों ने मकेश्वर वार्ड में लोगों को दी शासकीय योजनाओं की जानकारी

- कथनी और करनी में समानता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत : राजेश शर्मा
- सेवा, समर्पण और संगठन भाजपा की पहचान : प्रीतेश गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्थापना के 47 वर्षों के सफर में आम जनता से सीधा जुड़ाव बनाकर खुद को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित किया है। पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसकी कथनी और करनी में समानता है, जिसने उसे व्यापक जनस्वीकार्यता दिलाई है। यह बात भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश शर्मा ने कही। वे पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मकेश्वर वार्ड में आयोजित घर-घर चलो अभियान के दौरान आम लोगों से संपर्क कर रहे थे।

राजेश शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य में विष्णुदेव साय सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने कहा कि सेवा, समर्पण और संगठन ही भाजपा की मूल पहचान है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है और संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। जिला महामंत्री महेंद्र पंडित ने भी पार्टी को राष्ट्रभक्ति और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कार्यकर्ताओं से सेवा भाव से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, नगर मंडल महामंत्री राजीव चंद्राकर सहित अनेक पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान एक भावुक क्षण भी देखने को मिला, जब 75 वर्षीय दिव्यांग गुहा राम बंजारे राजेश शर्मा से मिलने पहुंचे। श्री शर्मा ने उनसे गले मिलकर शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें सबसे अधिक संतुष्टि समाज सेवा से मिलती है और वे आगे भी इसी मार्ग पर कार्य करते

# संत हरिशंकर को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

श्रीश्री 1008 हरिशंकर बाबा के ब्रह्मलीन होने पर 10 अप्रैल को ग्राम कोटाभर्री (डोंगरडुला) स्थित भगवान भीमा कोटेश्वर महादेव शिवधाम नागकुंजर वन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रभर से संत, साधक एवं श्रद्धालु शामिल हुए।

ज्ञात हो कि बाबाजी 29 मार्च को निज धाम त्यागकर ब्रह्मलीन हुए थे। बाबाजी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। श्रद्धालुओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस आयोजन में सत्यनारायण बाबा (गुरुदेव), डोंगरबाबा (कोटेश्वर धाम), रंजन सिंह बाबा (सिद्धेश्वर शिवधाम गोंदलानाला) एवं बजरंग बाबा (बजरंगधाम बगरूमनाला) सहित साधक परिवार की भूमिका रही।




SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS
Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar
FIT INDIA
SCHOOL INNOVATION COUNCIL
SMART CLASSROOM
ADMISSION OPEN 2026-27
SHAKUNTALA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Ram Nagar, Bhilai
0788 403 3217
SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Risali Sector, Bhilai
0788 2265810
SCHOOL FACILITIES
Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
State of the art AV room & Music room
24x7 Power Supply Via Genset
SHAKUNTALA VIDYALAYA NO - 2
Affiliated to State Board, Ram Nagar, Bhilai
Class XI to XII
0788 2295357
SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to State Board, Vaishali Nagar, Bhilai
KG-1 to VIII
0788 4033623
Shakuntala GURUKUL
Hostel
" घर से दूर..
एक घर "
Seperate Hostel Facility for Boys and Girls.
AC Hostel Room with attached Bathroom.
In-Class Coaching Facility for students.
Hot (Geyser) and Cold Water Facility.
Dedicated Medical Facility.
883 998 2041
Ram Nagar, Bhilai
Deepak Advertisers